an>

title: Need to pay 6th Pay Commission arrears to teachers in Maharashtra.

**श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) :** अध्यक्ष जी, आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं।

अध्यक्ष जी, मैं सबसे पहले आपका अभिनन्दन करना चाहूंगा कि आज पहली बार प्रश्न काल में आठ प्रश्नों को न्याय देने का काम आपने किया है।

अध्यक्ष जी, शून्य काल के दौरान मैं सभागृह का ध्यान महाराष्ट्र राज्य में विद्यापीठ और महाविद्यालय के शिक्षकों को छठें वेतन आयोग का लाभ वर्ष 2006 से देना आरंभ हुआ है।

**12.19 hours** (Shri Pralhad Joshi *in the Chair*)

वर्ष 2006 से लेकर वर्ष 2010 तक का 1892.72 करोड़ रुपये बाकी हैं। महाराष्ट्र सरकार ने वर्ष 2009 से लगातार बहुत सी चिट्ठियां लिखी हैं। लगता है कि वर्ष 2010 तका का बैकलॉग पूरा हुआ है। यह 2006 से 2010 तक का जो पैसा बाकी है, मेरी समझ से यह यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल का है। मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करूंगा कि महाराष्ट्र सरकार को 15.17 करोड़ रुपये जो वर्ष 2006 से वर्ष 2010 तक का बाकी है, वह तुरंत दिया जाए, क्योंकि महाराष्ट्र में इस समय देवेन्द्र फणनवीस के नेतृत्व में गतिमान सरकार काम कर रही है, अच्छा काम हो रहा है। यह 1515 करोड़ रुपये अगर केन्द्र सरकार जल्दी रिलीज करती है तो महाराष्ट्र सरकार को और अच्छा काम करने में बहुत मदद मिलेगी। इसलिए मैं फिर एक बार केन्द्र सरकार से निवेदन करता हूं कि छठे वेतन आयोग का जो पैसा बाकी है, वह तुरंत दे दिया जाए क्योंकि सातवां आयोग अभी डोर स्टैप पर है। इसलिए यह पैसा जल्दी से जल्दी रिलीज हो, ऐसी मैं मांग करता हूं।

**माननीय सभापति :**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गोपाल शेट्टी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।